# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

21 मई 2024, मंगलवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा ओडिशा के संबलपुर, केंदुजहर, ढेंकनाल और पुरी में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**5 चरणों के चुनाव में मोदी जी 310 सीटें जीत चुके हैं, छठे और सातवें चरण में 400 पार होने जा रहा है**

**************

**ओडिशा वासी 400 पार कराने के साथ विधानसभा में भी 75 से ज्यादा कमल खिलाने जा रहे हैं**

**************

**उत्कल भूमि पर शासन कोई बाबू नहीं उत्कल भूमि की संतान ही करेगी, जो ओडिया भाषा में बात कर सके**

**************

**ओडिशा के पास सब कुछ मौजूद है, बस मेहनत करने वाले मुख्यमंत्री की कमी है, भाजपा इस कमी को पूरा करेगी**

**************

**खनिज संपदा से परिपूर्ण उत्कल भूमि को नवीन बाबू के अफसर लूट रहे हैं**

**************

**भाजपा सरकार बनी तो रत्नभंडार के एक-एक आने का हिसाब सामने ला देंगे**

**************

**जो सरकार रामोत्सव न मनाने दे, उसे वोट मांगने का अधिकार नहीं**

**************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को ओडिशा के संबलपुर, केंदुजहर, ढेंकनाल और पुरी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए बीजेडी की सरकार पर उड़िया भाषा और संस्कृति को महत्व न देने को लेकर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री व संबलपुर से लोकसभा प्रत्याशी श्री धर्मेन्द्र प्रधान, भुवेश्वर से प्रत्याशी श्रीमती अपराजिता सारंगी, बालेश्वर प्रत्याशी श्री प्रताप सारंगी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मनमोहन सामल, ग्रामीण विकास मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, क्योंझर लोकसभा प्रत्याशी श्री अनंत नायक, ढेंकनाल लोकसभा प्रत्याशी श्री रुद्र नारायण पैनी, पुरी से भाजपा प्रत्याशी डॉ संबित पात्रा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 25 साल के बाद ओडिशा की भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के आधार पर ओडिशा में सरकार बनने जा रही है। मैं जहां भी जाता हूं लोग कहते हैं कि हमारे सांसद को मंत्री बना देना, लेकिन संबलपुर की जनता को आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बना बनाया मंत्री प्रत्याशी के रुप में दे दिया है। **पूरे देश में 5 चरणों के चुनाव पूरे हो चुके हैं और 5 ही चरणों में श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटें पार कर गए हैं, छठा और सातवां चरण 400 पार करने के लिए है।** देशभर के लिए सिर्फ 400 पार का लक्ष्य है लेकिन ओडिशा की जनता को विधानसभा में भी 75 से अधिक सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर कमल खिलाना है। **यह चुनाव एक ओर देश को सुरक्षित,**

**समृद्ध करने और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, वहीं दूसरी ओर ओडिशा को समृद्ध प्रदेश बनाने का चुनाव है। उड़िया भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के सम्मान को पुनर्स्थापित करने का चुनाव है। महाप्रभु जगन्नाथ की परंपराओं को जीवित करने व सम्मान देने का चुनाव है।**

श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा उड़िया भाषा और संस्कृति का गौरव बनाए रखा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने ओडिशा के गरीब आदिवासी घर की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाकर समग्र ओडिशा का सम्मान करने का कार्य किया है। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया था और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। **कांग्रेस की सरकार में केन्द्र का आदिवासी कल्याण बजट सिर्फ 85 हजार करोड़ रुपए था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए किया है।** माननीय प्रधानमंत्री जी ने आदिवासी बच्चों के लिए 740 एकलव्य विद्यालय बनाए और 40 हजार आदिवासी शिक्षकों की भर्ती की। माननीय प्रधानमंत्री जी ने सिकल सेल एनीमिया समाप्त करने के लिए मिशन शुरू किया है ताकि 10 वर्षों बाद एक भी आदिवासी बच्चे को सिकल सेल न हो। **आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की रचना की और 85 हजार करोड़ रुपए आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए दिए हैं।** दिल्ली में आयोजित जी-20 में विश्व भर से आए नेताओं के लिए सजाए गए स्वागत स्थान पर ओडिशा के कोणार्क के सूर्य मंदिर की तस्वीर लगाकर ओडिशा को पूरी दुनिया में प्रसिद्ध करने का कार्य यशस्वी श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। **ओडिशा की सरकार महान पाइका विद्रोह को भुलाने का कार्य कर रही है जबकि माननीय प्रधानमंत्री जी ने पाइका संग्राम के लिए सिक्का और डाक टिकेट जारी किया है।** नवीन बाबू ओडिशा पर बाबूशाही थोप रहे हैं और ओडिशा की जनता, संस्कृति और अस्मिता का अपमान कर रहे हैं। इस महान उत्कल प्रदेश पर कोई तमिलबाबू शासन नहीं कर सकता, ओडिशा पर शासन ओडिशा का पुत्र ही करेगा जो उड़िया भाषा में बात कर सके और महाप्रभु जगन्नाथ की परंपराओं को आगे बढ़ाएगा। **बीजेडी सरकार आस्था और श्रद्धा के केंद्र जगन्नाथ मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने के नाम पर उसका अपमान कर रही है, मठ मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार नहीं खोले जाते और रथ यात्रा को भी बंद करने की पूरी साजिश की गई थी।** ओडिशा देश भर में सबसे समृद्ध राज्य है लेकिन इसके बावजूद सबसे गरीब जनता इसी प्रदेश की है। खनिज संपदा से भरी उत्कल भूमि को नवीन जी के 'बाबू' लूटने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा ऐसा ओडिशा बनाना चाहती है, जहां के एक भी युवा को अपनी पत्नी और बूढ़े मां-बाप छोड़कर किसी और राज्य में मजदूरी करने न जाना पड़े, उसे अपने प्रदेश में ही काम मिल जाए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ओडिशा बहुत सुंदर स्थान है, यहां एक लंबी समुद्री सीमा है, खनिज संपदा का अंबार है और मेहनती युवा हैं, बस यहां एक मेहनत करने वाले मुख्यमंत्री की कमी है। ओडिशा की जनता यहां भाजपा की सरकार बना दे, तो भाजपा मेहनत करने वाला युवा को मुख्यमंत्री बनाकर ओडिशा को समृद्ध बनाएगी। बीजद सरकार ने पश्चिमी क्षेत्र के साथ हमेशा से ही अन्याय किया है। समग्र ओडिशा का विकास हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव प्रतिबद्ध है। यहां आज भी 27 लाख परिवारों के पास घर नहीं है। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब पानी देना शुरू किया तो उसके पहले तक सिर्फ साढ़े 3 प्रतिशत लोगों के पास ही यहां पानी था और आज भी 26 लाख परिवारों के पास पानी नहीं है। आज भी 6400 गांव सड़क से कटे हुए हैं, 8000 स्कूल बंद हो गए हैं और विकास के पायदान 'ईज आफ डूइंग' में ओडिशा 29वें नंबर पर है। **ओडिशा में नवीन बाबू की सरकार झोला सरकार है, क्योंकि जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी गरीब के लिए 5 किलो अनाज देते हैं तो नवीन बाबू उसपर अपनी फोटो वाला झोला लगाकर गरीबों को देते हैं। नवील बाबू झोले से पेट नहीं भरता है।** अनाज तो श्री नरेन्द्र मोदी दे ही रहे हैं, अगर आपको जरा भी शर्म है तो झोले के मूल्य जितना चावल ही आप देते तो गरीबों का भला हो जाता। नवीन बाबू ने 25 वर्षों में ओडिशा को पीछे छोड़ दिया। ओडिशा से ढ़ेर सारे लोग रोजगार के लिए देशभर में जाते हैं और इसीलिए श्री नरेन्द्र मोदी वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना लेकर लाए हैं ताकि प्रदेश से पलायन करके काम करने गए गरीब युवा कहीं भी निःशुल्क राशन ले सकें और उनके मां-बाप को ओडिशा में भी राशन मिलता रहे। नवीन बाबू यह योजना लागू नहीं करते हैं और बीच के अधिकारी उस राशन को गायब कर देते हैं। नवीन बाबू की सरकार में यहां स्वास्थ्य योजनाएं, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर सब कुछ डिरेल हो चुका है। नवीन बाबू जवाब दें, रत्न भंडार की चाबियां कहां गुम हो गईं? नकली चाबी बनाई गई है या नहीं? नकली चाबी से रत्न भंडार खोला गया या नहीं खोला गया? और

रत्न भंडार की जांच रिपोर्ट को क्यों छिपा कर रखा है? ओडिशा की जनता भाजपा सरकार बना दे, जिन्होंने रत्न भंडार में डाका डाला है उन्हें 100 दिन के अंदर भाजपा सीधा कर देगी। मोदी जी ने संकल्प लिया है, समृद्ध ओडिशा, स्वाभिमानी ओडिशा और सबसे आगे ओडिशा।

श्री शाह ने कहा कि **ओडिशा की जनता भाजपा की सरकार बना दे, तो भाजपा प्रभु जगन्नाथ के रत्न भंडार की पाई-पाई का हिसाब विज्ञापन के माध्यम से ओडिशा की जनता के सामने रखेगी। पूरे रत्न भंडार का मूल्यांकन रिजर्व बैंक आफ इंडिया से करवाकर उसे सार्वजनिक किया जाएगा।** उन्होंने कहा कि **भाजपा की सरकार बनने के 90 दिनों के अंदर हम हर बीड़ी कामदार और तेंदूपत्ता के प्रोविडेंट फंड जो मिसमैच हुए हैं, उनको सही कराने का कार्य किया जाएगा।** भाजपा की सरकार संबलपुर के मजदूरों के लिए 500 बेड के अस्पताल को मेडिकल कॅालेज के साथ बनाने का काम करेगी। **आदिवासियों की जमीन बेचने के काम को मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर 'पेसा कानून' को यहां पर भी जमीन पर उतारने का काम भाजपा सरकार करेगी।** संबलपुर में तेल और गैस क्षेत्र में 10 वर्षों में 2.5 लाख करोड़ को निवेश हुआ है, बलांगीर में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट लगाया गया, झारसुगुड़ा में नया उत्पादन डिपो बना, पारादीप रिफाइनरी 1500 करोड़ रुपए का आय प्रतिवर्ष दे रही है, 1500 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया गया, सम्बलपुर में आईआईएम बना, भुवनेश्वर में आईआईटी बने, राउलकेला में एनआईटी बनाए गए और 600 करोड़ की लागत से केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट को विश्वस्तरीय बनाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। ओडिशा में मेडिकल साइंस को भी उड़िया भाषा में पढ़ाने की शुरुआत भाजपा सरकार करेगी। भाजपा ने संकल्प पत्र घोषित किया है कि 18 महीने में चिट फंड के सारे आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे डाला जाएगा, भाजपा सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से किसानों का धान खरीदकर 48 घंटे में खाते में पैसे जमा करने का कार्य करेगी, माताओं-बहनों को सुभद्रा योजना के तहत 50 हजार का नकद बाउचर दो वर्षों में मिलेगा, 25 लाख लखपती दीदी बनाई जाएंगी और साथ ही हर मछुआरे को 10 हजार का वार्षिक भत्ता देने का कार्य भाजपा सरकार करेगी। हर बुनकर को 3 हजार रुपए की बुनकर निधि दी जाएगी, 1.5 लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी देने का कार्य भाजपा सरकार करेगी। राउलकेला, संबलपुर, परादीप और धामरा में औद्योगिक कॉरिडोर बनेगा, भुवनेश्वर, राहुलकेला, ब्रह्मपुर और बालेश्वर में आईटी पार्क बनेगा, 15 लाख गरीबों को घर दिया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों से राम मंदिर के निर्माण को रोककर रखा था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 24 जनवरी को भव्यता के साथ श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।** पूरा देश जब राम उत्सव में लीन था तब ओडिशा की बीजू जनता दल की सरकार राम उत्सव में राम भक्तों को हिस्सा लेने से रोक रही थी। ओडिशा की जनता यदि इस बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बना दे तो भाजपा ओडिशा का भविष्य संवारने का कार्य करेगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इश देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का कार्य किया है। कश्मीर में धारा 370 इतने सालों से बनी हुई थी जिसकी वजह से आतंकवाद बढ़ता था, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर देश को आतंकवाद से मुक्त करने का कार्य किया है। **कांग्रेस कहती है कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, पकिस्तान के पास एटम बम है। राहुल गांधी और कांग्रेस को डरना है तो डरे, पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और भारत उसे लेकर रहेगा।** कांग्रेस और बीजेडी वाले देश को कोरोना जैसी महामारी से नहीं बचा सकते, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकते और चंद्रयान को चंद्रमा तक नहीं पहुंचा सकते। यह काम सिर्फ और सिर्फ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।

श्री शाह ने ओडिशा की जनता से निवेदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नवीन बाबू ने ओडिशा के लिए कुछ भी नहीं करते हैं और बाबूशाही ही ओडिशा को चला रही है, इसलिए इस बार जनता को ओडिशा के ही धरती पुत्र को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए क्योंकि बाबूशाही से शासन नहीं चलता है और यह काम सिर्फ भाजपा की सरकार ही कर सकती है। श्री अमित शाह ने स्थानीय भाजपा विधायक और सांसद प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर देश व ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की।

*********************